क्रम-संख्या–74(क–4)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–
डब्लू०/एन०पी०–91/2008–10
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

Law Trend
The Line of Law

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 5 मार्च, 2010

फाल्गुन 14, 1931 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग–1

संख्या 294/79-वि-1–10-1(क)-5-2010

लखनऊ, 5 मार्च, 2010

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2010 पर दिनांक 3 मार्च, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11 सन् 2010 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2010

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11 सन् 2010)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 का अग्रतर संशोधन करने के लिये

अधिनियम

भारत गणराज्य के इकसठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :-

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1-(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2010 कहा जाएगा।

(2) यह 1 अक्टूबर, 2009 को प्रवृत्त हुआ समझा जाएगा।

Law Trend

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29 सन् 1974 द्वारा यथासंशोधित और पुनः अधिनियमित राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10 सन् 1973 की धारा 4 का संशोधन

2-उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 4 में, उपधारा (1-क) में, खण्ड (घ) के पश्चात निम्नलिखित खण्ड बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात :-

"(ङ) एक विश्वविद्यालय, जिसे उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ कहा जाएगा।"

धारा 5 का संशोधन

3-मूल अधिनियम की धारा 5 में, उपधारा (6) के पश्चात निम्नलिखित उपधारा बढ़ा दी जायेगी, अर्थात :-

"(7) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी उर्दू, अरबी और फारसी में शिक्षा और अनुसंधान तथा उनके ज्ञान की अभिवृद्धि एवं प्रसार के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग, सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में किया जा सकेगा।"

नयी धारा 7-ख का बढ़ाया जाना

4-मूल अधिनियम की धारा 7-क के पश्चात निम्नलिखित धारा बढ़ा दी जायेगी, अर्थात :-

कुछ विश्वविद्यालयों की अतिरिक्त शक्तियाँ और कर्तव्य

"7-ख-राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से प्राधिकृत किये जाने पर उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा प्रदान कर रही अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को सहायता, सम्बद्धता और सुविधा देगा।"

अनुसूची का संशोधन

5-मूल अधिनियम की अनुसूची में, क्रमांक 10 के पश्चात निम्नलिखित क्रमांक स्तम्भवार बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात:-

1	2	3
11	उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ	उर्दू, अरबी और फारसी में शिक्षा और अनुसंधान के सम्बन्ध में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश

कठिनाइयाँ दूर करना

6-(1) राज्य सरकार उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में किसी कठिनाई को दूर करने के प्रयोजनार्थ गजट में प्रकाशित आदेश द्वारा यह निदेश दे सकेगी कि मूल अधिनियम के उपबन्ध, ऐसी कालावधि में जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाय, ऐसे अनुकूलनों के अधीन रहते हुए, चाहे वे परिष्कार, परिवर्धन या लोप के रूप में, जिन्हें वह आवश्यक या समीचीन समझे, प्रभावी होंगे :

परन्तु इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के दिनांक से दो वर्ष के पश्चात ऐसा कोई आदेश नहीं किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखा जायेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश पर किसी न्यायालय में इस आधार पर आपत्ति नहीं की जाएगी कि उपधारा (1) में निर्दिष्ट कठिनाई विद्यमान नहीं थी अथवा उसको दूर करना अपेक्षित नहीं था।

निरसन और अपवाद

7-(1) उत्तर प्रदेश अरबी फारसी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है। उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2009

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपधारा (1) में निर्दिष्ट अधिनियम के उपबन्धों के अधीन कृत कोई कार्य या कार्यवाही इस अधिनियम द्वारा यथासंशोधित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के तत्समान उपबन्धों के अधीन कृत कार्य या कार्यवाही समझी जाएगी मानों इस अधिनियम के उपबन्ध सभी सारवान समय पर प्रवृत्त थे।

Law Trend The Line of Law

उद्देश्य और कारण

उत्तर प्रदेश में समाज के एक वर्ग द्वारा उर्दू मातृ भाषा के रूप में बोली जाती है। उर्दू भाषा को इस प्रकार विकसित करने की आवश्यकता है कि समाज का कोई भी व्यक्ति उर्दू साहित्य में, जिसके साथ अरबी और फारसी भाषायें भी हैं, अपने अध्ययन को उच्चतर स्तर तक जारी रख सके। इस प्रयोजन के लिए उत्तर प्रदेश अरबी फारसी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2009) का अधिनियमन किया गया। उक्त अधिनियम का सम्यक् रूप से अध्ययन करने के उपरान्त यह पाया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के कतिपय उपबन्ध उसमें विद्यमान नहीं हैं। सन् 2009 के उक्त अधिनियम में विद्यमान कमियों को ठीक करने के उद्देश्य से यह विनिश्चय किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 को संशोधित करके उसके द्वारा प्रशासित विश्वविद्यालयों की सूची में उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी फारसी विश्वविद्यालय को सम्मिलित किया जाय और सन् 2009 के उक्त अधिनियम को निरसित किया जाय।

तदनुसार उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2010 पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
प्रताप वीरेन्द्र कुशवाहा,
सचिव।

No. 294(2)/LXXIX-V-1–10-1(Ka)-5-2010
Dated Lucknow, March 5, 2010

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Rajya Vishwavidyalaya (Sanshodhan) Adhiniyam, 2010 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 11 of 2010) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on March 3, 2010.

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (AMENDMENT) ACT, 2010

(U.P. ACT NO. 11 OF 2010)

[As passed by the Uttar Pradesh Legislature]

AN

ACT

further to amend the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973.

IT IS HEREBY enacted in the Sixty-first Year of the Republic of India as follows :–

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2010.

(2) It shall be deemed to have come into force on October 1, 2009.

Amendment of section 4 of the President's Act no. 10 of 1973 as amended and reenacted by U.P. Act no. 29 of 1974

2. In section 4 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973, hereinafter referred to as the principal Act, in sub-section (1-A) *after* clause (d) the following clause shall be *inserted*, namely:–

"(e) a University to be known as the Urdu, Uttar Pradesh Arabi Pharsi University at Lucknow."

Law Trend The Line of Law

Amendment of section 5

3. In section 5 of the principal Act, *after* sub-section (6) the following sub section shall be *inserted*, namely:–

"(7) Notwithstanding anything contained in sub-section (1) the powers conferred on the Uttar Pradesh Urdu, Arabi Pharsi University at Lucknow in respect of education and research in Urdu, Arabic and Persian and advancement and dissemination of knowledge thereof shall be exercisable throughout Uttar Pradesh."

Insertion of new section 7-B

4. *After* section 7-A of the principal Act, the following section shall be *inserted*, namely:–

Additional power and duties of certain Universities

"7-B. Upon being authorized by the State Government by notification the Uttar Pradesh Urdu, Arabi Pharsi University shall help, effiliate and facilitate the minority educational institutions providing higher education."

Amendment of the Schedule

5. In the Schedule to the Principal Act *after* serial no. 10 the following serial shall columnwise be *inserted*, namely:–

1	2	3
11	The Uttar Pradesh Urdu, Arabi Pharsi University at Lucknow.	Whole of Uttar Pradesh in respect of education and research in Urdu, Arabic and Persian.

Removal of difficulties

6. (1) The State Government may, for the purpose of removing any difficulty in relation to the Urdu, Arabi Pharsi University, by order published in the *Gazette*, direct that the provisions of principal Act shall during such period, as may be specified in the order, have effect subject to such adaptations, whether by way of modification, addition or omission as it may deem to be necessary or expedient:

Provided that no such order shall be made after two years from the date of commencement of this Act.

(2) Every Order made under sub-section (1) shall be laid before both Houses of the State Legislature.

(3) No order under sub-section (1) shall be called in question in any Court on the ground that no difficulty, as is referred to in sub-section (1) existed or was required to be removed.

Repeal and Saving

7. (1) The Uttar Pradesh Arabi Pharsi University Act, 2009 is hereby repealed. U.P. Act no. 12 of 2009

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the provisions of the Act referred to in sub-section (1) shall be deemed to have been done or taken under the provisions of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 as amended by this Act as if this Act were in force at all material times.

Law Trend The Line of Law

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

Urdu language is spoken as mother tongue by a section of the society in Uttar Pradesh. The Urdu language is required to be developed in such a manner that any person of the society may continue his study to the higher stage of learning in Urdu literature including Arabi and Pharasi languages. The Uttar Pradesh Arabi Pharasi University Act. 2009 (U.P. Act no. 12 of 2009) was enacted for the purpose. After due study of the said Act it has been found that certain provisions of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 are not present therein. With a view to making good of the shortcomings appeared in the said Act of 2009, it has been decided to amend the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 to include the Uttar Pradesh Urdu, Arabi Pharasi University in the list of Universities administered thereby and to repeal the said Act of 2009.

The Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Bill, 2010 is introduced accordingly.

By order,
P.V. KUSHWAHA,
Sachiv.

पी0एस0यू0पी0-ए0 पी0 1179 राजपत्र-(हि0)-2010-(2503)-597 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/आफसेट)।

पी0एस0यू0पी0-ए0 पी0 240 सा0 विधायी-2010-(2504)-850 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/आफसेट)।

जिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०
ब्लू/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 04 मार्च, 2011
फाल्गुन 13, 1933 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग–1

संख्या 310/79-वि–1-11-1(क)-8–2011

लखनऊ, 04 मार्च, 2011

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2011 पर दिनांक 03 मार्च, 2011 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 6 सन् 2011 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है :–

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2011

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 6 सन् 2011)

(जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ)

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 का अग्रतर संशोधन करने के लिये

अधिनियम

भारत गणराज्य के बासठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :–

1.–यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2011 कहा जायेगा। संक्षिप्त नाम

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29 सन् 1974 द्वारा यथा संशोधित एवं पुनः अधिनियमित राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10 सन् 1973 की धारा 4 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 4 में, उपधारा (1—क) में, खण्ड (ङ) में शब्द "उत्तर प्रदेश" के स्थान पर शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" रख दिये जायेंगे।

धारा 5 का संशोधन

3—मूल अधिनियम की धारा 5 में, उपधारा (7) में शब्द "उत्तर प्रदेश" के स्थान पर शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" रख दिये जायेंगे।

धारा 7-ख का संशोधन

4—मूल अधिनियम की धारा 7-ख में शब्द "उत्तर प्रदेश" के स्थान पर शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" रख दिये जायेंगे।

अनुसूची का संशोधन

5—मूल अधिनियम की अनुसूची में, स्तम्भ-2 में, क्रम संख्या 11 में अंकित प्रविष्टि में शब्द "उत्तर प्रदेश" के स्थान पर शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" रख दिये जायेंगे।

उद्देश्य और कारण

देश और समाज के उत्थापन के लिये मान्यवर श्री कांशीराम जी द्वारा किये गये योगदान को दृष्टि में रखते हुये यह विनिश्चय किया गया है कि मान्यवर श्री कांशीराम जी की स्मृति को बनाये रखने के लिये उत्तर प्रदेश उर्दू अरबी फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ को मान्यवर श्री कांशीराम जी उर्दू अरबी फारसी विश्वविद्यालय लखनऊ के रूप में पुनर्नाम दिया जाये।

तदनुसार उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2011 पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
के०के० शर्मा,
प्रमख सचिव।

No. 310(2)/LXXIX-V-1-11-1 (ka) 8/2011

Dated Lucknow, March 04, 2011

IN pursuance of the provisions of clause (3) of article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Rajya Vishwavidyalaya (Sansodhan) Adhiniyam, 2011 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 6 of 2011) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on March 03, 2011 :—

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (AMENDMENT) ACT, 2011

[U.P. Act No. 6 of 2011]

(As passed by the Uttar Pradesh Legislature)

AN

ACT

further to amend the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973.

IT IS HEREBY enacted in the Sixty-second Year of the Republic of India as follows :—

1. (1) This Act may be called the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2011. Short title

Amendment of section 4 of the Presidents's Act no. 10 of 1973 as amended and re-enacted by the U.P. Act no. 29 of 1974

2. In section 4 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 herein referred to as the principal Act, in sub section (1-A), in clause *(e)* for the words ''Uttar Pradesh'' the words "Manyavar Shri Kanshi Ram Ji'' shall be *substituted*.

Amendment of the section-5

3. In section-5 of the principal Act, in sub-section (7) *for* the words ''Uttar Pradesh'' the words ''Manyavar Shri Kanshi Ram Ji'' shall be *substituted*.

Amendment of the section-7-B

4. In section 7-B of the principal Act for the words ''Uttar Pradesh'' the words ''Manyavar Shri Kanshi Ram Ji'' shall be *substituted*.

Amendment of the schedule

5. In the schedule to the principal Act, in the entry appearing at serial no-11, in column-2 for the words ''Uttar Pradesh'' the words ''Manyavar Shri Kanshi Ram Ji'' shall be *substituted*.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

With a view to contributions made by Manayavar Shri Kanshi Ram Ji for the upliftment of the country and the society, it has been decided to rename the Uttar Pradesh Urdu Arabi Pharsi University, Lucknow as the Manayavar Shri Kanshi Ram Ji Urdu Arabi Pharsi University, Lucknow to commemorate Manayavar Shri Kanshi Ram Ji.

The Uttar Pradesh State University (Amendment) Bill, 2011 is introduced accordingly.

By order,
K.K. SHARMA,
Pramukh Sachiv.

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 1234 राजपत्र–(हिन्दी)–2011–(2520)–597+2 प्रतियाँ–(कम्प्यूटर / टी / आफसेट)।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 190 सा० विधायी–2011–(2521)–850 प्रतियाँ–(कम्प्यूटर / टी / आफसेट)।

क्रम-संख्या—56

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी०/एल०—
डब्लू०/एन०पी०—91/2011—13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

Law Trend

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 मार्च, 2013

चैत्र 7, 1935 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग—1

संख्या 332/79-वि-1-13-1(क)6-2012

लखनऊ, 28 मार्च, 2013

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 पर दिनांक 26 मार्च, 2013 को अनुमति प्रदान की और वह (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 सन् 2013) के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2012

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 सन् 2013)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के तिरसठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1—(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम 2012 कहा जाएगा।

(2) यह 16 अगस्त, 2012 को प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

Law Trend

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29, सन् 1974 द्वारा यथा संशोधित एवं पुनः अधिनियमित राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10, सन् 1973 की धारा 4 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 4 में, उपधारा (1—क) में, खण्ड (ङ) में शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" के स्थान पर शब्द "ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती" रख दिये जाएंगे।

धारा 5 का संशोधन

3—मूल अधिनियम की धारा 5 में, उपधारा (7) में शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" के स्थान पर शब्द "ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती" रख दिये जाएंगे।

धारा 7-ख का संशोधन

4—मूल अधिनियम की धारा 7—ख में शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" के स्थान पर शब्द "ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती" रख दिये जाएंगे।

अनुसूची का संशोधन

5—मूल अधिनियम की अनुसूची में, स्तम्भ—2 में क्रम संख्या 11 में अंकित प्रविष्टि में शब्द "मान्यवर श्री कांशीराम जी" के स्थान पर शब्द "ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती" रख दिये जाएंगे।

निरसन और अपवाद

6—(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2012 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है। उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 6 सन् 2012

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के उपबंधों के अधीन कृत कोई कार्य या कार्यवाही इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के तत्समान उपबंधों के अधीन कृत कार्य या कार्यवाही समझी जायेगी मानों इस अधिनियम के उपबंध सभी सारवान समय पर प्रवृत्त थे।

उद्देश्य और कारण

उर्दू, अरबी और फारसी भाषाओं में शिक्षण और अनुसंधान के लिए लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक अरबी फारसी विश्वविद्यालय की स्थापना की व्यवस्था करने के लिए उत्तर प्रदेश अरबी, फारसी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2009) अधिनियमित किया गया था। कालान्तर में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2010 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11 सन् 2010) अधिनियमित किया गया जिसके द्वारा विश्वविद्यालय का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश उर्दू, अरबी, फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ कर दिया गया और उसे राज्य विश्वविद्यालयों में समामेलित कर लिया गया। तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2011 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 6 सन् 2011) द्वारा उक्त विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तित कर मान्यवर श्री कांशीराम जी उर्दू, अरबी, फारसी विश्वविद्यालय लखनऊ किया गया था। यह विनिश्चय किया गया कि उक्त विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती, जो पूरे विश्व के मुस्लिम समाज में तथा भारत के हिन्दू और सिख समुदाय में भी सूफी सन्त के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा जो फारसी भाषा के विद्वान एवं शायर रहे हैं और जिन्होंने हिन्दू—मुस्लिम एकता के लिए बहुमूल्य योगदान दिया है, के नाम पर कर दिया जाय।

चूँकि राज्य विधान मंडल सत्र में नहीं था और उक्त विनिश्चय को कार्यान्वित करने के लिए तुरन्त विधायी कार्यवाही करना आवश्यक था, अतः राज्यपाल द्वारा दिनांक 16 अगस्त, 2012 को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 6 सन् 2012) प्रख्यापित किया गया।

यह विधेयक पूर्वोक्त अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के लिए पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
एस० के० पाण्डेय,
प्रमुख सचिव।

Law Trend The Line of Law

No. 332(2) /LXXIX-V-1-13-1(ka)6-2012
Dated Lucknow, March 28, 2013

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Rajya Vishwavidyalaya (Sanshodhan) Adhiniyam, 2012 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 5 of 2013) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on March 26, 2013.

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (AMENDMENT) ACT, 2012

(U.P. ACT NO. 5 of 2013)

[As passed by the Uttar Pradesh Legislature]

AN

ACT

further to amend the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973.

IT IS HEREBY enacted in the Sixty-third Year of the Republic of India as follows:–

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2012.

(2) It shall be deemed to have come into force on August 16, 2012.

Amendment of section 4 of the President's Act no. 10 of 1973 as amended and re-enacted by U.P. Act no. 29 of 1974

2. In section 4 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 hereinafter referred to as the principal Act, in sub-section (1-A), in clause (e) *for* the words "Manyavar Shri Kanshi Ram Ji", the words "Khwaja Moinuddin Chishti", shall be *substituted*.

Amendment of section 5

3. In section 5 of the principal Act, in sub-section (7) *for* the words "Manyavar Shri Kanshi Ram Ji" the words "Khwaja Moinuddin Chishti" shall be *substituted*.

Amendment of section 7-B

4. In section 7-B of the principal Act *for* the words "Manyavar Shri Kanshi Ram Ji" the words "Khwaja Moinuddin Chishti" shall be *substituted.*

Amendment of the Schedule

5. In the Schedule to the principal Act, in the entry appearing at serial no.-11, in Column no.2 *for* the words "Manyavar Shri Kanshi Ram Ji" the words "Khwaja Moinuddin Chishti" shall be *subsituted*.

U.P. Ordinance no. 6 of 2012.

Repeal and Saving

6. (1) The Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Oridinance, 2012 is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the provisions of the principal Act as amended by the Ordinance referred to in sub-section (1) shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of the principal Act as amended by this Act as if the provisions of this Act were in force at all material times.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

The Uttar Pradesh Arabi, Pharsi University Act, 2009 (U.P. Act no. 12 of 2009) was enacted to provide for the establishment of an Arabi Pharsi University at Lucknow in Uttar Pradesh for teaching and research in Urdu, Arabi and Pharsi Languages. Later on the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2010 (U. P. Act no. 11 of 2010) was enacted by which the name of the University was changed as the Uttar Pradesh Urdu, Arabi, Pharsi University Lucknow and amalgamated in the State Universities

Thereafter the name of the said University was changed as Manyavar Shri Kanshi Ram Ji Urdu, Arabi, Pharsi University Lucknow by the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2011 (U. P. Act no. 6 of 2011). It was decided to change the name of the said University in the name of Khwaja Moinuddin Chishti who is famous as Suphi Sant in the Muslim Society all over the world and also in Hindu and Sikh communities of India and who has been a scholar and poet of Pharsi language and has made precious contribution for the Hindu – Muslim unity.

Since the State Legislature was not in session and immediate legislative action was necessary to implement the aforesaid decision the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Ordinance, 2012 (U. P. Ordinance no. 6 of 2012) was promulgated by the Governor on August 16, 2012.

This Bill is introduced to replace the aforesaid Ordinance.

By order,
S. K. PANDEY,
Pramukh Sachiv.

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 812 राजपत्र (हि०)–2013–(3603)–599 (कम्प्यूटर/आफसेट)।
पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 108 सा० विधायी–2013–(3604)–500 (कम्प्यूटर/आफसेट)।

Law Trend
The Line of Law

क्रम-संख्या–62

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–
डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 मार्च, 2013

चैत्र 7, 1935 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग–1

संख्या 374/79-वि-1–13-1(क)-7-2013

लखनऊ, 28 मार्च, 2013

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2013 पर दिनांक 26 मार्च, 2013 को अनुमति प्रदान की और वह (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 10 सन् 2013) के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2013

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 10 सन् 2013)

(जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ)

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के चौंसठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :–

संक्षिप्त नाम

1–यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2013 कहा जाएगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29, सन् 1974 द्वारा यथासंशोधित और पुनः अधिनियमित राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10, सन् 1973 की धारा 4 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 4 में, उपधारा (1—क) में, खण्ड (ड.) के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड बढ़ा दिये जायेंगे, अर्थात् :—

"(च) एक विश्वविद्यालय जिसे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के रूप में जाना जायेगा;

(छ) एक विश्वविद्यालय जिसे इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के रूप में जाना जायेगा;"

धारा 50 का संशोधन

3—मूल अधिनियम की धारा 50 में, उपधारा (1—ख) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारायें बढ़ा दी जायेंगी, अर्थात् :—

"(1—ग) जब तक कि इस धारा के अधीन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के प्रथम परिनियम न बना लिये जायें, गोरखपुर विश्वविद्यालय के परिनियम, जैसा वे उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना के ठीक पूर्व प्रवृत्त थे, ऐसे अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन इस पर लागू होंगे जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्रावधानित किये जायें।

(1—घ) जब तक कि इस धारा के अधीन इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रथम परिनियम न बना लिये जायें, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के परिनियम, जैसा वे उक्त विश्वविद्यालय के स्थापना के ठीक पूर्व प्रवृत्त थे, ऐसे अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन इस पर लागू होंगे जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्रावधानित किये जायें।"

धारा 52 का संशोधन

4—मूल अधिनियम की धारा 52 में, उपधारा (2—क) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारायें बढ़ा दी जायेंगी, अर्थात् :—

"(2—ख) जब तक कि उपधारा (2) के अधीन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के प्रथम अध्यादेश न बना लिये जायें, गोरखपुर विश्वविद्यालय के अध्यादेश, जैसा वे उक्त विश्वविद्यालय के स्थापना के ठीक पूर्व प्रवृत्त थे, ऐसे अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन इस पर लागू होंगे जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्रावधानित किये जायें।

(2—ग) जब तक कि उपधारा (2) के अधीन इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रथम अध्यादेश न बना लिये जायें, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के अध्यादेश, जैसा वे उक्त विश्वविद्यालय के स्थापना के ठीक पूर्व प्रवृत्त थे, ऐसे अनुकूलनों और उपांतरणों के अधीन इस पर लागू होंगे जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा प्रावधानित किये जायें।"

अनुसूची का संशोधन

5—मूल अधिनियम की अनुसूची में, —

(क) क्रम संख्या 3, 4 और 6 पर अंकित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियाँ रख दी जायेंगी, अर्थात् :—

"3. छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(1) इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की स्थापना होने तक	इलाहाबाद, अमेठी, औरैया, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली तथा उन्नाव जिले।
(2) इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की स्थापना हो जाने पर	औरैया, अमेठी, इटावा, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली तथा उन्नाव जिले।

Law Trend The Line of Law

4– दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

(1) सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना होने तक	बस्ती, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीरनगर तथा सिद्धार्थनगर जिले।
(2) सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर	देवरिया, कुशीनगर तथा गोरखपुर जिले।

6. डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद

(1) इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की स्थापना होने तक	अम्बेडकरनगर, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, फैजाबाद, गोण्डा, प्रतापगढ़, श्रावस्ती तथा सुल्तानपुर जिले।
(2) सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर तथा इलाहाबाद राज्य, विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की स्थापना होने पर	अम्बेडकरनगर, बहराइच, बाराबंकी, फैजाबाद, गोण्डा, तथा सुल्तानपुर जिले।

(ख) क्रम संख्या 11 के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्यायें बढ़ा दी जायेंगी, अर्थात् :–

"12 इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	इलाहाबाद, फतेहपुर, कौशाम्बी तथा प्रतापगढ़ जिले।
13 सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर	बलरामपुर, बस्ती, महाराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर तथा संत कबीर नगर जिले।"

कठिनाइयों को दूर किया जाना

6–(1) राज्य सरकार, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर और इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की स्थापना से सम्बंधित किसी कठिनाई को दूर करने के प्रयोजनार्थ गजट में प्रकाशित आदेश द्वारा यह निदेश दे सकेगी कि मूल अधिनियम के उपबंध ऐसी कालावधि में जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाये, ऐसे अनुकूलनों के अधीन रहते हुये, चाहे वे परिष्कार, परिवर्द्धन या लोप के रूप में हों, जिन्हें वह आवश्यक या समीचीन समझे, प्रभावी होंगे :

परन्तु यह कि ऐसा कोई आदेश उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2013 के प्रारम्भ होने के दिनांक से दो वर्ष के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखा जायेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश पर किसी न्यायालय में इस आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी कि उपधारा (1) में यथानिर्दिष्ट कठिनाई विद्यमान नहीं थी अथवा उसको दूर करना अपेक्षित नहीं था।

उद्देश्य और कारण

जनपद इलाहाबाद में विद्यमान राज्य विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया गया है। इस प्रकार जनपद इलाहाबाद में सम्प्रति कोई राज्य विश्वविद्यालय विद्यमान नहीं है जिसके कारण समीपवर्ती क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार जनपद सिद्धार्थनगर में, जो भगवान गौतम बुद्ध के पिता की जन्मस्थली है, कोई विश्वविद्यालय विद्यमान नहीं है और समीपवर्ती क्षेत्रों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इलाहाबाद और सिद्धार्थनगर के समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके अपने बच्चों को बिना किसी कठिनाई के उच्च शिक्षा प्रदान करने के मार्ग को प्रशस्त करने के उद्देश्य से यह विनिश्चय किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 को संशोधित करके उक्त प्रत्येक जनपद में क्रमशः इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद और सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के नाम से राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाये।

तदनुसार उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2013 पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
एस0के0 पाण्डेय,
प्रमुख सचिव।

Law Trend The Line of Law

No. 374(2)/LXXIX-V-1-13-1(ka)7-2013
Dated Lucknow, March 28, 2013

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Rajya Vishwavidyalaya (Sanshodhan) Adhiniyam, 2013 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 10 of 2013) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on March 26, 2013:

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (AMENDMENT) ACT, 2013

(U.P. ACT NO. 10 OF 2013)

(As passed by the Uttar Pradesh Legislature)

AN

ACT

further to amend to Uttar Pradesh State Universities Act, 1973

IT IS HEREBY enacted in the Sixty-fourth Year of the Republic of India as follows :-

Short title

1. This Act may by called the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2013.

Amendment of section 4 of President Act no. 10 of 1973 as amended and re-enacted by U.P. Act no 29 of 1974

2. In section 4 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973, hereinafter referred to as the principal Act, in sub-section (1-A), after clause (e), the following clauses shall be *inserted*, namely :-

"(f) a University to be known as Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar ;

(g) a University to be known as Allahabad State University, Allahabad;"

Amendment of section 50

3. In section 50 of the principal Act, after sub-section (1-B), the following sub-sections shall be *inserted*, namely :-

"(1-C) Until the First Statutes of the Siddharth University are made under this section, the Statutes of the University of Gorakhpur, as in force immediately before the establishment of the said University shall apply to it subject to such adaptations and modifications as the State Government may, by notification, provide.

(1-D) Until the First Statutes of the Allahabad State University, Allahabad are made under this section, the Statutes of the Chhatrapti Shahu Ji Maharaj University, Kanpur as in force immediately before the establishment of the said University shall apply to it subject to such adaptations and modifications as the State Government may, by notification, provide."

Amendment of section 52

4. In section 52 of the principal Act, *after* sub-section (2-A) the following sub-sections shall be *inserted* namely :-

"(2-B) Until the First Ordinances of the Siddharth University are made under sub-section (2), the Ordinances of the University of Gorakhpur, as in force immediately before the establishment of the said University, shall apply to it subject to such adaptations and modifications as the State Government may, by notification provide."

"(2-C) Until the First Ordinances of the Allahabad State University, Allahabad are made under sub-section (2), the Ordinances of the Chhatrapti Shahu Ji Maharaj University, Kanpur, as in force immediately before the establishment of the said University, shall apply to it subject to such adaptations and modifications as the State Government may, by notification provide."

Law Trend The Line of Law

Amendment of Schedule

5. In the Schedule to the principal Act, -

(a) *for* the entries appearing at Serial no. 3, 4 and 6 the following entries shall be *substituted*, namely :-

3. The University of Chhatrapti Shahu Ji Maharaj University, Kanpur -	
(i) Until the establishment of the Allahabad State University, Allahabad	Districts of Allahabad, Amethi, Auraiya, Etawah, Farrukhabad, Fatehpur, Hardoi, Kannauj, Kanpur Dehat, Kanpur Nagar, Kaushambhi, Lakhimpur- Kheiri, Sitapur, Rae Bareli and Unnao.
(ii) Upon the establishment of the Allahabad State University, Allahabad	Districts of Auraiya, Amethi, Etawah,. Farrukhabad, Hardoi, Kannauj, Kanpur Dehat, Kanpur Nagar, Lakhimpur-Kheiri, Sitapur, Rae Bareli and Unnao.
4. The Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University, Gorakhpur-	Districts of Basti, Deoria, Gorakhpur, Kushi Nagar, Maharajganj, Santkabir Nagar and Siddharth Nagar
(i) Until the establishment of the Siddharth University	
(ii) Upon the establishment of the Siddharth University	Districts of Deoria, Kushi Nagar and Gorakhpur."
6. Doctor Ram Manohar Lohia Avadh University, Faizabad	
(i) Until the establishment of Allahabad State University, Allahabad	Districts of Ambedkar Nagar, Bahraich, Balrampur, Bara Banki, Faizabad, Gonda, Pratapgarh, Shrawasti and Sultanpur
(ii) Upon the establishment of the Siddharth University Kapilvastu Siddharth Nagar & Allahabad State University, Allahabad	Districts of Ambedkar Nagar, Bahraich, Bara Banki, Faizabad, Gonda and Sultanpur

(b) *After* the serial no. 11, the following serials shall be *inserted*, namely :-

"12. The Allahabad State University, Allahabad	Districts of Allahabad, Fatehpur, Kaushambi, and Pratapgarh
13. The Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar	Districts of Balrampur, Basti, Maharajganj, Shrawasti, Siddharth Nagar and Sant Kabir Nagar"

Removal of diffculties

6. (1) The State Government may, for the purpose of removing any difficulty in relation to the establishment of the Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar and Allahabad State University, Allahabad by order published in the *Gazette*, direct that the provisions of the principal Act shall during such period, as may be specified in the order, have effect subject to such adaptations, whether by way of modification, addition or omission as it may deem to be necessary or expedient :

Law Trend The Line of Law

Provided that no such order shall be made after two years from the date of commencement of the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2013

(2) Every order made under sub-section (1) shall be laid before both the Houses of the State Legislature.

(3) No order under sub-section (1) shall be called in question in any Court on the ground that no difficulty, as is referred to in sub-section (1) existed or required to be removed.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

The State University existed in District Allahabad has been given the status of the Central University as such there exists no State University at present in the District of Allahabad due to which the students of adjoining area are facing difficulties in getting higher education. Similarly, there is no University in district Siddharth Nagar which is birth place of the father of Lord Gautam Buddha, and the students of adjoining area are also facing difficulties in getting higher education. With a view to facilitating the people of adjoining areas of Allahabad and Siddharth Nagar to provide higher education to their children without any difficulty, it has been decided to establish the State Universities one each in the said districts by the name of the Allahabad State University, Allahabad and the Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar respectively by amending the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973.

The Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Bill, 2013 is introduced accordingly.

By order,
S. K. PANDEY,
Pramukh Sachiv.

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 818 राजपत्र–(हिन्दी)–2013–(3615)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी / आफसेट)।
पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 114 सा0 विधायी–2013–(3616)–500 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी / आफसेट)।

क्रम-सं०–62

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

Law Trend
The Line of Law

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2014

फाल्गुन 9, 1935 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

विधायी अनुभाग–1

संख्या 314/79-वि-1–14-1(क)-1-2014

लखनऊ, 28 फरवरी, 2014

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 पर दिनांक 26 फरवरी, 2014 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 2014 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2014

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 2014)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के पैंसठवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :-

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2014 कहा जाएगा।

(2) यह 24 अक्टूबर, 2013 को प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 29 सन् 1974 द्वारा यथासंशोधित और पुनः अधिनियमित राष्ट्रपति अधिनियम सख्या 10 सन् 1973 में सामान्य संशोधन

2—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, में शब्द 'प्राध्यापक' और 'उपाचार्य', जहाँ कहीं आए हों, के स्थान पर शब्द 'सहायक आचार्य' और शब्द 'सहयुक्त आचार्य' क्रमशः रख दिए जाएंगे।

धारा 4 का संशोधन

3—मूल अधिनियम की धारा 4 में, उपधारा (1) का लोप कर दिया जायेगा।

धारा 5 का संशोधन

4—मूल अधिनियम की धारा 5 में उपधारा (4) का लोप कर दिया जायेगा।

धारा 14 का संशोधन

5—मूल अधिनियम की धारा 14 में;—

(क) उपधारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात्:—

"(2) प्रति-कुलपति, विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक आचार्य ही होगा और उसकी नियुक्ति कुलपति की संस्तुति पर कार्यपरिषद द्वारा की जायेगी।"

(ख) उपधारा (4) और (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारायें रखं दी जायेंगी, अर्थात् :—

"(4) प्रति-कुलपति ऐसी अवधि तक के लिए पद धारण करेगा जो कुलपति के पद का सह विस्तारी होगी तथापि यह कुलपति का परमाधिकार होगा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान कार्यपरिषद को किसी नये प्रति-कुलपति की संस्तुति करे।

(5) प्रति-कुलपति ऐसी धनराशि का विशेष भत्ता प्राप्त करेगा जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेशों द्वारा अवधारित किया जाय।"

धारा 20 का संशोधन

6—मूल अधिनियम की धारा 20 में, उपधारा (1) में, खण्ड (घ) में, शब्द "कुमाऊँ और बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय" के स्थान पर शब्द "बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय" रख दिये जायेंगे।

धारा 31 का संशोधन

7—मूल अधिनियम की धारा 31 में,—

(क) उपधारा (4) में,

(एक) खण्ड (क) में,—

क—उपखण्ड (i) के पश्चात्, निम्नलिखित उपखण्ड बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात्:—

" (i-क) संकाय का संकायाध्यक्ष, जहाँ कहीं लागू हो।"

ख—उपखण्ड (iii) के पश्चात्, निम्नलिखित उपखण्ड बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात्:—

" (iii-क) अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के नागरिकों में से प्रत्येक से एक शिक्षाविद, जो कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे, यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी संबंधित श्रेणी का न हो।"

(दो) खण्ड (ग) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात् :—

"(ग) किसी सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय, जिसमें स्ववित्तपोषित निजी महाविद्यालय सम्मिलित है (राज्य सरकार द्वारा अनन्य रूप से पोषित महाविद्यालय से भिन्न), के प्राचार्य की नियुक्ति के लिए चयन समिति में निम्नलिखित होंगे:—

(i) प्रबन्ध समिति का अध्यक्ष, अथवा उसके द्वारा नाम-निर्दिष्ट प्रबन्ध समिति का एक सदस्य, जो अध्यक्ष होगा;

(ii) प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारा नाम-निर्दिष्ट किये जाने वाले प्रबन्ध समिति के दो सदस्य, जिनमें से एक शैक्षिक प्रशासन में विशेषज्ञ होगा;

(iii) कुलपति का एक नाम निर्देशिती, जो उच्च शिक्षा का एक विशेषज्ञ होगा :

परन्तु यह कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में विशेषज्ञ प्रबन्ध समिति द्वारा सुझाये गए एवं कुलपति अनुमोदित तीन विशेषज्ञों के पैनल में से नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे;

Law Trend The Line of Law

(iv) तीन विशेषज्ञ, जिसमें महाविद्यालय का प्राचार्य, एक आचार्य और एक निष्णात शिक्षाविद्, जो आचार्य के रैंक के नीचे का न हो, कार्यकारी परिषद् द्वारा अनुमोदित छः विशेषज्ञों के पैनल में से प्रबंध समिति द्वारा नाम-निर्दिष्ट किये जायेंगे :

परन्तु यह कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में विशेषज्ञों को प्रबन्ध समिति द्वारा सुझाये गए एवं कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित छः विशेषज्ञों के पैनल में से नाम निर्दिष्ट किया जायेगा;

(v) अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के नागरिकों में से प्रत्येक से एक शिक्षाविद्, जो कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे, यदि इन वर्गों का कोई भी अभ्यर्थी आवेदक हो तथा यदि चयन समिति के उपरोक्त सदस्यों में से कोई भी संबंधित श्रेणी का न हो:

परन्तु यह कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, यह उप खण्ड लागू नहीं होगा।"

(तीन) खण्ड (घ) में, उपखण्ड (ii) और (iii) के स्थान पर निम्नलिखित उपखण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात् :--

"(ii) महाविद्यालय का प्राचार्य;

(iii) सम्बन्धित विषय का विभागाध्यक्ष, यदि लागू हो तो;

(iv) कुलपति के दो नामनिर्देशिती जिनमें से एक विषय विशेषज्ञ होना चाहिए:

परन्तु यह कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित और प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, यह उप खण्ड लागू नहीं होगा।

(v) कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित विषय विशेषज्ञ की सूची से कुलपति द्वारा पाँच सदस्यों के पैनल में से संस्तुत प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले दो विषय विशेषज्ञ जो महाविद्यालय से सम्बन्धित न हों:

